GOVT: HIGHER SECONDARY SCHOOL

NARIKKUNI

SELF ASSESSMENT TEST - आई एम कलाम के बहाने	SUBJECT : HINDI
CLASS: X	DATE : 10.10.2020
NAME :	TOTAL MARKS : 25
ROLL NUMBER :	TIME : 30 Minutes

- संबंध पहचानकर सही मिलान करें । (1 X 4 = 4)

1. अदला-बदली करना	छिपकर देखना
2. लुक-लुक के देखना	प्रशंसा करना
3. बाँछें खिल जाना	विनिमय करना
4. वाहवाही करना	खुश होना

- प्रश्नों का उत्तर लिखें। (10 X 1 = 10)

5. मिहिर और मोरपाल के अंग्रेज़ी अध्यापक कौन थे ?
6. लेखक और मोरपाल कक्षा में कहाँ पर साथ-साथ बैठते थे ?
7. बचपन में मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था ?
8. मोरपाल कैसे स्कूल आता था ?
9. मोरपाल का परिवार कैसा था ?
10. 'आई एम कलाम' फिल्म का निदेशक कौन है ?
11. फिल्म का नायक कलाम कहाँ काम करता है ?
12. छोटू के जीवन का सबसे बड़ा सपना क्या है ?
13. आठवीं के बाद मोरपाल की पढ़ाई बंद हो जाती है। इसका कारण क्या है ?
14. लूसी मैडम छोटू से क्या वादा करती है ?

- निर्देश के अनुसार उत्तर लिखें।

15. वाक्य की पूर्ति के लिए कौन-सा रूप सही है ? (1)

मोरपाल अपने पिता की तरह आज भी खेत-मजूरी ________ ।

(करता है / करती है / करते हैं)

16. कोष्ठक से सही क्रिया रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। (1)

मिहिर रोज़ चावल-राजमा ________ ।

(लाता था / लाती थी / लाते थे)

17. रेखांकित शब्द के बदले कोष्ठक के शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

गाँव का <u>स्कूल</u> छोटा था। *(पाठशाला)*

18. कोष्ठक के शब्दों को उचित स्थान पर रखकर **वाक्य-पिरमिड** की पूर्ति करें।

(जल्दी ही, विदेश से आई) (1 X 2 = 2)

छोटू दिल जीत लेता है।

छोटू लूसी मैडम का दिल जीत लेता है।

....

....

19. हमराही, हमनाम - इन शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग (पूर्वप्रत्यय) कौन-सा है ? (1)

(हम / राही / नाम)

- 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

घर की कमरतोड़ मेहनत और खेत-मज़ूरी से इतर दिन का ऐसा एकमात्र समय जब वह बच्चा बन रह सकता था। मेरे लिए स्कूल यूनिफॉर्म बोझ थी। मेरे पास उससे बेहतर कपड़े थे जिन्हें मैंने अपनी पसंद से बड़े शहरों के बड़े बाज़ारों से खरीदा था। लेकिन मोरपाल के पास एकमात्र कमीज़ -पैंट का नया जोड़ा वह नीली-खाकी स्कूल यूनिफॉर्म थी।

20. *मेरे लिए स्कूल यूनिफॉर्म बोझ थी ।* - इस वाक्य में प्रयुक्त **सर्वनाम** चुनकर लिखें। (1)

21. मोरपाल के बचपन के बारे में **टिप्पणी** लिखिए। (4)